संक्षिप्त विज्ञापन

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर- 302018, दूरभाष नं. 0141-2722520

क्रमांकः प.14(159)RSSB/अर्थना/प्र.सु.वि./च.श्रे.क./भर्ती/2024/ दिनांकः 11.12.2024

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती- 2024

बोर्ड द्वारा **प्रशासनिक सुधार विभाग** के माध्यम से राज्य सरकार के विभिन्न विभागों/अधीनस्थ विभागों के लिए राजस्थान चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 1999 यथा संशोधित एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत निम्नलिखित पदों हेतु निर्धारित प्रपत्र मे राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा योग्य अभ्यर्थियों से विज्ञापन में वर्णित शर्तों एवं निर्बन्धनों के अध्याधीन ऑनलाईन आवेदन पत्र (Online Application Form) आमंत्रित किये जाते हैः

| पद का नाम | पद संख्या | वेतनमान | आयु (दिनांक 01.01.2026 को) | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 52,453 (गैर अनुसूचित क्षेत्र के 46,931 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 5522) | पे मैट्रिक्स लेवल L-1 | न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष | Secondary from a recognized Board or its equivalent examination |

**ऑनलाईन आवेदन व पंजीयन शुल्क भरने की अवधिः** पंजीयन शुल्क सहित ऑनलाईन आवेदन पत्र **दिनांक 21.03.2025 से दिनांक 19.04.2025** को **रात्रि 23.59** बजे तक भरे जा सकेंगे। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि अन्तिम दिनांक का इन्तजार किए बिना निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाईन आवेदन करें।

**परीक्षा आयोजनः** बोर्ड द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के उक्त पदों पर भर्ती परीक्षा दिनांक संभावित दिनांक 18.09.2025 से 21.09. 2025 तक कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT)/टेबलेट आधारित परीक्षा (TBT) / ऑफलाईन (ओ.एम.आर.) आधारित परीक्षा आयोजित करवाई जानी प्रस्तावित है। इस संबंध में विस्तृत सूचना बोर्ड की वेबसाइट एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अलग से दे दी जाएगी। बोर्ड के पास परीक्षा की दिनांक एवं स्थान में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है।

**अन्य बिन्दु व सूचनाः** पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, आरक्षण संबंधी प्रावधान, रिक्त पदों का वर्गीकरण, आयु में छूट के प्रावधान, परीक्षा की स्कीम एवं विस्तृत पाठ्यक्रम एवं ऑनलाईन आवेदन में संशोधन इत्यादि की सूचना विस्तृत विज्ञापन में बोर्ड की वेबसाइट rssb.rajasthan.gov.in पर अलग से जारी किया जाएगा ।

इस भर्ती के संबंध में समय समय पर जारी सूचनाओं को बोर्ड की उपरोक्त वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन / सूचना हेतु राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष नं. 0141-2722520 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर - 302018 को सम्बोधित किया जावे।

**(डॉ. बी. सी. बधाल)**
**सचिव**

**DIPR/C/12800/2024**